[This question paper contains 7 printed pages.]

**6354** *Your Roll No.* .............

**LL.B.**

**AS**

**V Term**

Paper LB-5034

INTELLECTUAL PROPERTY LAWS

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note :– Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

*टिप्पणी :– इस प्रश्नपत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।*

*Attempt* **Five** *questions including Question No.* **1** *which is compulsory.* **All** *questions carry equal marks.*

*अनिवार्य प्रश्न क्रमांक* **1** *सहित पाँच प्रश्न कीजिये। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

1. Write short notes on any **four** of the following :

(a) Well-known trade marks

(b) Dilution of trade marks

(c) Authorship v/s ownership of copyright

(d) Related rights

(e) Evergreening

निम्नलिखित में से किन्हीं चार पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(क) सुविख्यात व्यापार चिह्न

(ख) व्यापार चिह्न का अवमन्दन

(ग) प्रतिलिप्यधिकार की रचनाकारिता बनाम स्वामित्व

(घ) सम्बन्धित अधिकार

(ङ) सदा लोकप्रियता

2. A mark must possess distinctive character so as to be registrable under the Trade Marks Act, 1999. Explain the meaning of inherent and acquired distinctive character. Whether a mark which is descriptive is always non-distinctive ? Give reasons in support of your answer.

व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 के अन्तर्गत किसी व्यापार चिह्न को रजिस्ट्रीकरणीय होने के लिए उसका सुभिन्न स्वरूप होना चाहिए। अन्तर्निहित तथा अर्जित सुभिन्न स्वरूप का अर्थ स्पष्ट कीजिए। क्या कोई चिह्न, जो वर्णनात्मक होता है, सदैव ही सुभिन्नता रहित होता है। अपने उत्तर को कारण देते हुए पुष्ट कीजिए।

3. (a) What do you understand by deceptive similarity ? Discuss the law as to deceptive similarity.

(b) Company A is selling a medicine for alleviating swelling of vermiform appendix under the mark "Vermitab". Company B is selling a medicine for the same ailment (but with a different manufacturing salt) under the trade mark "vermigo". Both the drugs are schedule-H drugs, that means they are available for sale over the counter on doctor's prescription. Claiming to have hit the market prior to Company B, Company A seeks an injunction to restrain Company B on the ground that the presence of both the marks simultaneously in the same market could lead to confusion. You are required to decide the case giving reasons for the same.

(क) आप उस समरूपता से क्या समझते हैं जिससे धोखा हो जाए ? धोखा करने वाली समरूपता के सम्बन्ध में विधि का विवेचन कीजिए ।

(ख) कम्पनी A, vermiform appendix की सूजन उपशमित करने हेतु "Vermitab" के चिह्न के अन्तर्गत एक औषधि बेच रही है । कम्पनी B उसी बीमारी के लिए व्यापार चिह्न "Vermigo" के अन्तर्गत एक औषधि (किन्तु भिन्न विनिर्माण नमक सहित) बेच रही है । दोनों औषधियां ही Schedule-H औषधि हैं अर्थात्

वे डाक्टर के नुसखे पर ही काउन्टर पर बिक्री हेतु सुलभ होती हैं। कम्पनी B से पहले बाज़ार में बेचे जाने का दावा करते हुए कम्पनी A इस आधार पर कम्पनी B को अवरूद्ध करने के लिए एक व्यादेश की मांग करती है कि उसी बाज़ार में एक ही समय पर दोनों चिह्नों की उपस्थिति से भ्रम पैदा हो सकता है। आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप उक्त केस का सकारण विनिश्चय कीजिए।

4. (a) Discuss the distinction between Passing off Action and an Infringement Action.

(b) Discuss the possibility of registration of the following under the Trade Marks Act, 1999 :

(i) Yamuna for bottled water

(ii) Thanda for soft drinks

(iii) TaaTaa for shoes

(क) चला देने के लिए कारवाई और अतिलंघन कारवाई के बीच विभेद का विवेचन कीजिए।

(ख) व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 के तहत निम्नलिखित के रजिस्ट्रीकरण की संभावना का विवेचन कीजिए :

(i) बोतलबन्द पानी के लिए यमुना

(ii) अमादक पेयों के लिए ठंडा

(iii) जूतों के लिए टा-टा

5. What is an invention within the meaning of Patents Act, 1970 ? What requirements must an invention fulfill in order to be patentable ? Which inventions cannot be patented ?

पेटेन्ट अधिनियम, 1970 के अर्थ में आविष्कार क्या होता है ? पेटेन्टयोग्य होने के लिए एक आविष्कार को किन अपेक्षाओं की पूर्ति करनी होगी ? कौनसे आविष्कार पेटेन्ट नहीं किए जा सकते हैं ?

6. What do you understand by industrial designs ? What rights would the owner of an industrial design get upon registration ? Could a design be simultaneously protected under the Designs Act as well as Copyright Act ? Give reasons for your answer.

औद्योगिक डिजाइनों से आपका क्या अभिप्राय है ? किसी औद्योगिक डिजाइन के स्वामी को रजिस्ट्रीकरण पर क्या अधिकार प्राप्त होंगे ? क्या किसी डिजाइन को एक ही समय डिजाइन अधिनियम तथा उसके साथ साथ प्रतिलिप्यधिकार अधिनियम के अन्तर्गत संरक्षित किया जा सकता है ? कारण सहित उत्तर दीजिए।

7. (a) What are the different classes of works on which copyright could be obtained under the Copyright Act, 1957 ?

(b) Mohan is a famous playwright and a theatre director. In 2008 he wrote and directed a play

titled "Fear of the Unknown". The play portrays the story of a teenaged girl who has everything that life could offer but still was suffering from depression and who finally commits suicide. The play received appreciation from the press and critics. Bhishma is a struggling film producer and director from Bollywood. He saw the play when it was staged at National School of Drama on February 2008 and was inspired to make a film on the same theme. In January 2010 his new film "The Unknowable" is released which contains similar story of a middle-aged man who is very successful in his profession and has a stable family life but still is suffering from depression. In contrast to the play, in the film the protagonist is ultimately able to come out of depression with the help of meditation and starts living a meaningful life again. Mohan, on seeing the film, sues Bhishma for copyright infringement. You are required to decide the case.

(क) कौन-कौन से भिन्न कृति वर्ग होते हैं जिन पर प्रतिलिप्यधिकार अधिनियम, 1957 के तहत प्रतिलिप्यधिकार प्राप्त किया जा सकता है ?

(ख) मोहन एक प्रसिद्ध नाटककार और थियेटर डाइरैक्टर है। 2008 में उसने "Fear of the Unknown" शीर्षक के नाटक की रचना की तथा उसका निर्देशन किया। नाटक में एक किशोरी की कहानी

का चित्रण है जिसके पास वह सब कुछ है जो जीवन में हो सकता है किन्तु फिर भी वह अवसाद ग्रस्त रहती है तथा अन्तत: आत्म-हत्या कर लेती है। प्रेस तथा समालोचकों ने नाटक की सराहना की थी। भीष्म बॉलीवुड का एक संघर्षशील फिल्म निर्माता तथा निदेशक है। उसने फरवरी 2008 में उक्त नाटक को नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा द्वारा मंचित किए जाते देखा था। वह इससे उसी विषय पर एक फिल्म बनाने के लिए प्रेरित हो गया। जनवरी 2010 में उसकी नई फिल्म "The Unknowable" रिलीज हुई जिसकी एक अधेड़ वय के आदमी की उसी के समरूप कहानी है जो अपने व्यवसाय में बेहद सफल है तथा जिसका एक स्थिर पारिवारिक जीवन है, किन्तु वह अवसाद से पीड़ित है। नाटक के प्रतिकूल, फिल्म में नायक अन्तत: ध्यान क्रिया के माध्यम से अवसाद से बाहर निकलने में सफल हो जाता है और पुन: सार्थक जीवन जीने लगता है। मोहन फिल्म देखकर भीष्म पर प्रतिलिप्यधिकार के अतिलंघन हेतु वाद लाता है। आपसे इस केस को विनिश्चित करने की अपेक्षा की जाती है ?

8. Copyright is bundle of rights. Explain in detail what all rights are available in this bundle in respect of literary works.

प्रतिलिप्यधिकार अधिकारों की पोटली है। सविस्तार स्पष्ट कीजिए कि साहित्यिक कृतियों के विषय में इस पोटली में क्या-क्या सारे अधिकार सुलभ हैं ?